समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 09 September 2026

भादरा : भाजपा कार्यालय मे विजय उत्सव, विधायक संजीव बेनीवाल ने कार्यकर्ताओं संग मनाया जश्न

राजेश चौधरी

Published on 05 May 2026

[illegible] | [illegible], [illegible] | [illegible] [illegible] [illegible]

भारतीय जनता पार्टी की विभिन्न राज्यों में मिली चुनावी सफलता के बाद भादरा में भाजपा कार्यालय पर विजय उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर संजीव बेनीवाल ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाते हुए मिठाई बांटी और खुशी व्यक्त की।

अपने संबोधन में संजीव बेनीवाल ने कहा कि यह ऐतिहासिक जनादेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, विकास और सुशासन की नीतियों पर देश की जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है।

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के निरंतर परिश्रम और जनता के आशीर्वाद से ही यह विजय संभव हो पाई है। जनता ने तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार की राजनीति को नकारते हुए विकास और राष्ट्रवाद को चुना है।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मिलकर इस जीत का जश्न मनाया और एक-दूसरे को बधाई दी।

भादरा में आयोजित इस विजय उत्सव ने कार्यकर्ताओं के उत्साह और संगठन की मजबूती को दर्शाया, जो आगामी समय में पार्टी के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.